# लिंग

**परिभाषा:**

संज्ञा के जिस रूप से किसी वस्तु की जाति (पुरुष अथवा स्त्री) का बोध होता है, उसे लिंग कहते हैं।

**भेद:**

लिंग के दो भेद होते हैं।

1. पुल्लिंग 2. स्त्रीलिंग

**पुल्लिंग**: संज्ञा के जिस रूप से पुरुष जाति का बोध होता है, उसे पुल्लिंग कहते हैं।

**उदाहरण:** क. **राम** स्कूल जाता है।

ख. **शेर** दहाड़ रहा है।

यहाँ **राम** व **शेर** पुल्लिंग हैं।

**स्त्रीलिंग:** संज्ञा के जिस रूप से स्त्री जाति का बोध होता है, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं।

**उदाहरण:** क. **रमा** भजन कर रही है।

ख. **बिल्ली** दूध पी रही है।

यहाँ रमा व बिल्ली स्त्रीलिंग हैं।

## शब्दों की सूची

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| देव | देवी |
| राजा | रानी |
| नर | नारी |
| डिब्बा | डिबिया |
| चूहा | चुहिया |
| कुम्हार | कुम्हारिन |
| माली | मालिन |
| गुणवान | गुणवती |

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| बुद्धिमान | बुद्धिमती |
| लेखक | लेखिका |
| बालक | बालिका |
| पुरुष | स्त्री |
| गुरु | गुरुआइन |
| पंडित | पंडिताइन |
| भक्त | भक्तिन |
| ग्वाला | ग्वालिन |

### सदैव पुल्लिंग रहनेवाले कुछ शब्दः

बाज, गैंडा, तोता, कौवा, खरगोश आदि शब्द सदैव पुल्लिंग रहते हैं। इनमें 'मादा' शब्द जोड़कर स्त्रीलिंग बनाया जाता है, जैसे – मादा खरगोश, मादा गैंडा इत्यादि।

### सदैव स्त्रीलिंग रहनेवाले कुछ शब्दः

गिलहरी, मैना, तितली, मछली, कोयल आदि शब्द सदैव स्त्रीलिंग रहते हैं। इनमें 'नर' शब्द जोड़कर पुल्लिंग बताया जाता है, जैसे – नर तितली, नर मक्खी इत्यादि।

## स्वाध्याय

**प्र.1. निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए:**

1. शेरनी 2. कुम्हार
3. अध्यापिका 4. लेखक

**उत्तर:** 1. स्त्रीलिंग 2. पुल्लिंग
3. स्त्रीलिंग 4. पुल्लिंग

**प्र.2. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्यों को फिर से लिखिए:**

1. <u>नौकरानी</u> घर का काम कर रही थी।
2. <u>मालिक</u> के आते ही राज खड़ा हो गया।
3. <u>छात्र</u> कक्षा में शोर मचा रहा था।
4. <u>घोड़ा</u> घास चर रहा था।

**उत्तर:** 1. **नौकर** घर का काम कर रहा था।
2. **मालकिन** के आते ही राज खड़ा हो गया।
3. **छात्रा** कक्षा में शोर मचा रही थी।
4. **घोड़ी** घास चर रही थी।

**प्र.3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए:**

1. गुरु 2. शिष्य
3. चाची 4. महारानी

**उत्तर:** 1. गुरुआइन 2. शिष्या
3. चाचा 4. महाराजा